दिनांक 02.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ निगम आयुक्त श्री सुंदरानी के द्वारा प्रतिदिन निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में चलाये जा रहे मतदाता जन जागरुकता अभियान का निरीक्षण करते हुए कार्यक्रम से जुड़े समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये जा रहें है। तथा स्वयं भी रैलियों में उपस्थित होकर नागरिकों को अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करने हेतु प्रेरित कर रहें है निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने लोगो से अपील की वे अपने अपने बुथ में जाकर अवश्य मतदान करें निगम प्रशासन का यह प्रयास है कि ऐसे क्षेत्र जहां पर मतदान का प्रतिशत कम रहा है ऐसे मतदान केन्द्र पर जन जागरूकता के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान हो ऐसा प्रयास हम सब को मिल जुलकर करना है। प्रत्येक व्यक्ति को अपना मत देने का स्वतंत्र रूप से अधिकार है बिना किसी के दबाव एवं प्रलोभन के आप अपना मतदान करें। इसके लिए जन जागरूकता अभियान चलाई जा रही है। इसमें आप लोग भी अपना सहयोग प्रदान करें।

निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में निगम के अधिकारी, कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, स्वच्छता कमाण्डो, स्कुली प्राचार्य, शिक्षक–शिक्षिकाएं, स्कुली छात्र–छात्राओं, समाजसेवी संगठन, के द्वारा नागरिकों में मतदान को लेकर जागरुकता लाने हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर मतदाता जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। निगम प्रशासन विशेष रुप से नुक्कड़ सभाएं रंगोली, भाषण प्रतियोगिता, रैली के माध्यम से नागरिकों में शत्–प्रतिशत मतदान हो इसके लिए सभी जोन अंतर्गत के वार्डों में मतदाता जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

जनसम्पर्क अधिकारी